**NEWS CLIPPING: 07.04.2017**

**DAILY POST**

# 'YMCA University top 2 Institute in the state'

CHANDIGARH: YMCA University of Science and Technology, Faridabad has made its presence in the National Institutional Ranking Framework (NIRF-2017) for Engineering Colleges and became the second Institute in the state, after National Institute of Technology Kurukshetra, to be ranked amongst top 150 Engineering Institutions in the Country. Union Ministry of Human Resource Development released the National Institutional Ranking Framework (NIRF-2017) on April 3, 2017. DP

**NEWS CLIPPING: 07.04.2017**

**THE PIONEER**

## FARIDABAD'S YMCA VARSITY SECURES SECOND BERTH IN HARYANA

**Chandigarh:** YMCA University of Science and Technology, Faridabad, has made its presence in the National Institutional Ranking Framework (NIRF-2017) for Engineering Colleges and became the second Institute in the state, after National Institute of Technology Kurukshetra, to be ranked amongst top 150 Engineering Institutions in the Country. Union Ministry of Human Resource Development released the NIRF-2017 on Monday. This year, a total number of 2,735 educational institutions participated in NIRF ranking. YMCA University made its place in the Rank-band between 101 and 150, and is the only State Government University or Institute to bag that position.

## शीर्ष इंजीनियरिंग संस्थानों में शामिल हुआ वाईएमसीए

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने इंजीनियरिंग संस्थानों के लिए राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ-2017) की ओर से जारी रैंकिंग में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। वाईएमसीए प्रदेश का ऐसा दूसरा इंजीनियरिंग संस्थान है, जो देश के शीर्ष 150 इंजीनियरिंग संस्थानों में शामिल हुआ है। केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय की और से जारी की गई रैंकिंग में इस वर्ष 2,735 शिक्षण संस्थानों ने हिस्सा लिया था। वाईएमसीए विश्वविद्यालय को इंजीनियरिंग श्रेणी में 101 से 150 शिक्षण संस्थानों की श्रेणी में रखा गया है, हालांकि जारी की गई रैंकिंग में पहले 100 शिक्षण संस्थानों को ही रैंकिंग क्रम के अनुसार दर्शाया गया है, जिसमें केंद्र सरकार द्वारा संचालित एनआइटी, कुरुक्षेत्र ही शीर्ष 100 शिक्षण संस्थानों में जगह बना पाया है। प्रदेश से लगभग 18 शिक्षण संस्थानों ने ही इस रैंकिंग में हिस्सा लिया था।

**NEWS CLIPPING: 07.04.2017**

**DAINIK JAGRAN**

# शीर्ष इंजीनियरिंग संस्थानों में शामिल वाईएमसीए विवि

**जागरण संवाददाता, फरीदाबाद:** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने इंजीनियरिंग संस्थानों के लिए राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआइआरएफ-2017) की ओर से जारी रैंकिंग में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। वाईएमसीए प्रदेश का ऐसा दूसरा इंजीनियरिंग संस्थान है, जो देश के शीर्ष 150 इंजीनियरिंग संस्थानों में शामिल हुआ है।

केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय की ओर से जारी की गई रैंकिंग में इस वर्ष 2,735 शिक्षण संस्थानों ने हिस्सा लिया था। वाईएमसीए विश्वविद्यालय को इंजीनियरिंग श्रेणी में 101 से 150 शिक्षण संस्थानों की श्रेणी में रखा गया है, हालांकि जारी की गई रैंकिंग में पहले 100 शिक्षण संस्थानों को ही रैंकिंग क्रम के अनुसार दर्शाया गया है, जिसमें केंद्र सरकार द्वारा संचालित एनआइटी, कुरुक्षेत्र ही शीर्ष 100 शिक्षण संस्थानों में जगह बना पाया है। प्रदेश से लगभग 18 शिक्षण संस्थानों ने ही इस रैंकिंग में हिस्सा लिया था।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने सभी संकाय सदस्यों, अधिकारियों व कर्मचारियों को विश्वविद्यालय के एनआइआरएफ-2017 में उपस्थिति दर्ज होने पर बधाई दी है तथा कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा की गुणवत्ता व अनुसंधान को लेकर निरंतर कार्य कर रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप अगले वर्ष बेहतर परिणाम लाने में सफल होगा। बता दें कि देश में विभिन्न विश्वविद्यालयों व उच्च शिक्षा के संस्थानों को रैंकिंग देने के लिए राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क की शुरुआत की गई है, जिसमें अकादमिक, तकनीकी व अनुसंधान संस्थानों को विभिन्न मानदंडों के आधार पर परखा जाता है।

**उपलब्धि**

- **पहली बार एनआइआरएफ-2017 रैंकिंग में टॉप 150 में बनाई जगह**
- **केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय की ओर से जारी की गई है रैंकिंग**

**NEWS CLIPPING: 07.04.2017**

**PUNJAB KESARI**

# हरियाणा के शीर्ष इंजीनियरिंग संस्थानों में वाईएमसीए विश्वविद्यालय

- **एनआईआरएफ-2017 रैंकिंग में दर्ज करवाई पहली बार उपस्थिति**
- **शीर्ष 150 में हरियाणा का दूसरा इंजीरियरिंग संस्थान है**
- **कुलपति ने सभी संकाय सदस्यों, अधिकारियों व कर्मियों को बधाई दी**

फरीदाबाद, 6 अप्रैल (सूरजमल): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद ने इंजीनियरिंग संस्थानों के लिए राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ-2017) द्वारा जारी रैंकिंग में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई है। वाईएमसीए विश्वविद्यालय राज्य का ऐसा दूसरा इंजीरियरिंग संस्थान है, जो देश के शीर्ष 150 इंजीनियरिंग संस्थानों में शामिल हुआ है। केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा जारी की गई (एनआईआरएफ-2017) रैंकिंग में इस वर्ष 2,735 शिक्षण संस्थानों को शामिल किया गया था। वाईएमसीए विश्वविद्यालय को इंजीनियरिंग श्रेणी में 101 से 150 शिक्षण संस्थानों के रैंक-बैंड में रखा गया है जोकि इस बैंड में हरियाणा का एकमात्र शिक्षण संस्थान है।

हालांकि जारी की गई रैंकिंग में पहले 100 शिक्षण संस्थानों को ही रैंकिंग क्रम के अनुसार दर्शाया गया है, जिसमें केन्द्र सरकार द्वारा संचालित एनआईटी, कुरुक्षेत्र ही शीर्ष 100 शिक्षण संस्थानों में जगह बना पाया है। हालांकि, हरियाणा से लगभग 18 शिक्षण संस्थानों ने (एनआईआरएफ-2017 रैंकिंग में हिस्सा लिया था। वाईएमसीए विश्वविद्यालय को विगत तीन वर्षों की अवधि के दौरान दौरान प्रगति रिपोर्ट के स्तरीय मापदंड के आधार पर रैंकिंग में जगह मिली है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने सभी संकाय सदस्यों, अधिकारियों व कर्मचारियों को विश्वविद्यालय की एनआईआरएफ-2017 में उपस्थिति दर्ज होने पर बधाई दी है तथा कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा की गुणवत्ता व अनुसंधान को लेकर निरंतर कार्य कर रहा है, जिसके परिणामस्वरूप अगले वर्ष विश्वविद्यालय बेहतर परिणाम लाने में सफल होगा। यह वियवविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। डॉ. संजय कुमार शर्मा ने भी वाईएमसीए विश्वविद्यालय द्वारा एनआईआरएफ-2017 रैंकिंग हासिल करने पर प्रसन्नता जताई है तथा सभी को बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि देश में विभिन्न विश्वविद्यालयों व उच्च शिक्षा के संस्थानों को रैंकिंग देने के लिए राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क की शुरुआत की गई है, जिसमें अकादमिक, तकनीकी व अनुसंधान संस्थानों को विभिन्न मानदंडों के आधार पर परखा जाता है।


पंजाब केसरी ई-पेपर Fri, 07 April 2017
epaper.punjabkesari.in//c/18130197

**NEWS CLIPPING: 07.04.2017**

**AMAR UJALA**

# वाईएमसीए 150 शीर्ष इंजीनियरिंग संस्थानों में शुमार

**बल्लभगढ़ (ब्यूरो)।** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने इंजीनियरिंग संस्थानों के लिए राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) 2017 द्वारा जारी रैंकिंग में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई है। विश्वविद्यालय प्रदेश का ऐसा दूसरा इंजीरियरिंग संस्थान है, जो देश के शीर्ष 150 इंजीनियरिंग संस्थानों में शामिल हुआ है। केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा जारी की गई (एनआईआरएफ) 2017 रैंकिंग में इस वर्ष 2735 शिक्षण संस्थानों ने हिस्सा लिया था। वाईएमसीए विश्वविद्यालय को इंजीनियरिंग श्रेणी में 101 से 150 शिक्षण संस्थानों के रैंक बैंड में रखा गया है जोकि इस बैंड में हरियाणा का एकमात्र शिक्षण संस्थान है। इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो. दिनेश कुमार और कुलसचिव डा. संजय शर्मा ने सभी संकाय सदस्यों, अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई दी है।

**NEWS CLIPPING: 07.04.2017**

**HINDUSTAN**

# वाईएमसीए टॉप 150 में शामिल

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क के तहत जारी हुई रैंकिंग में इंजीनियरिंग संस्थानों की सूची में टॉप 150 संस्थानों में शामिल है। प्रदेश से इस सूची में जगह बनने वाला वाईएमसीए दूसरा इंजीनियरिंग संस्थान है।

केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने हाल ही में एनआईआरएफ-2017 रैंकिंग जारी की है। इस साल इस रैंकिंग में देश के 2,735 शिक्षण संस्थानों ने हिस्सा लिया था। इनमें वाईएमसीए विवि को इंजीनियरिंग श्रेणी में 101 से 150 शिक्षण संस्थानों की रैंक सूची में जगह मिली है। वाईएमसीए विश्वविद्यालय को पिछले तीन वर्षों की अवधि में प्रगति रिपोर्ट के मापदंड पर रैंकिंग मिली है।

**NEWS CLIPPING: 07.04.2017**

**NAVBHARAT TIMES**

# टॉप-150 में वाईएमसीए

■ **वस, फरीदाबाद :** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी ने इंजीनियरिंग संस्थानों के लिए जारी राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ-2017) में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई है। वाईएमसीए राज्य का ऐसा दूसरा इंजीरियरिंग संस्थान है, जो देश के शीर्ष 150 इंजीनियरिंग संस्थानों में शामिल हुआ है। केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय की ओर से जारी की गई रैंकिंग में इस साल 2,735 शिक्षण संस्थानों ने हिस्सा लिया था। वाईएमसीए यूनिवर्सिटी को इंजीनियरिंग श्रेणी में 101 से 150 शिक्षण संस्थानों की रैंक-बैंड में रखा गया है, जो इस बैंड में हरियाणा का एकमात्र शिक्षण संस्थान है। वाइस चांसलर प्रो. दिनेश कुमार ने सभी डिपार्टमेंट के सदस्यों, अधिकारियों व कर्मचारियों को इसके लिए बधाई दी है।